**अतिक्रमण** 20-30 फीट ऊंचे पहाड़ काटकर मिट्टी भराई, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण

# रेलवे ठेके के नाम पर अवैध खुदाई का आरोप

**नवभारत,नरसिंहपुर,गाडरवारा।** नरसिंहपुर जिले की तहसील गाडरवारा अंतर्गत ग्राम पंचायत बरेली बरहठा के ग्राम केकरा में रेलवे ठेके के नाम पर बड़े पैमाने पर अवैध खुदाई और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्वालियर का एक रेलवे ठेकेदार बिना किसी वैध अनुमति के कोटवार एवं राजस्व विभाग की शासकीय भूमि पर खुदाई कर रहा है।



### मीडिया कवरेज पर दिखाया रसूख

इस अवैध गतिविधि के चलते लगभग 20 से 30 फीट ऊँचे पहाड़नुमा टीले काटे जा रहे हैं और आसपास की वन संपदा को भी नुकसान पहुंच रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह खुदाई इटारसीङ्कजबलपुर रेलवे लाइन के किनारे मिट्टी फिलिंग के एक बड़े ठेके के लिए की जा रही है, जिसकी अनुमानित लागत करीब 50 से 60 करोड़ रुपये बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा नियमों की अनदेखी कर लगातार मिट्टी का उत्खनन कराया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर जब स्थानीय मीडियाकर्मी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की कवरेज करने का प्रयास किया, तो आरोप है कि ठेकेदार के सुपरवाइजर विकास ने अपने आपको भाजपा के दिग्गज नेताओं का करीबी बताते हुए दबाव बनाने की कोशिश की।

### कोटवार ने लगाया खेतों में खुदाई का आरोप

बताया जा रहा है कि उसने मीडिया कर्मियों के फोटो-वीडियो अपने मोबाइल में बनाकर ऊपर भेजने की बात कही। हालांकि मीडिया कर्मियों ने अवैध खुदाई के दृश्य अपने कैमरों में रिकॉर्ड कर लिए हैं। ग्राम केकरा के कोटवार ने बताया कि ठेकेदार द्वारा उनकी आपत्ति के बावजूद मनमाने तरीके से खुदाई की जा रही है। ठेकेदार द्वारा हमारी मनाही के बावजूद लगातार अवैध तरीके से खुदाई कराई जा रही है। हमारे खेतों तक को खोदा जा रहा है। आज हम लोग खुदाई स्थल पर पहुंचे थे, लेकिन वहां ठेकेदार का कोई व्यक्ति नहीं मिला।

**राकेश गडवाल, कोटवार, ग्राम केकरा**

### खनिज विभाग ने कही जांच की बात

यदि खुदाई नहीं रुकी तो हम कल अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गाडरवारा को लिखित शिकायत देंगे। मामले को लेकर जब खनिज विभाग से जानकारी ली गई तो खनिज अधिकारी ओ.पी. बघैल ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की खुदाई के लिए विभाग से कोई अनुमति जारी नहीं की गई है। रेलवे या अन्य किसी भी ठेकेदार द्वारा खनिज विभाग से खुदाई के लिए किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई है और न ही मेरे द्वारा कोई परमिशन जारी की गई है। आपके माध्यम से अवैध खुदाई की सूचना मिली है, तत्काल अधिकारियों को भेजकर जांच कराई जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**ओपी बघैल, खनिज अधिकारी, नरसिंहपुर**

### प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी नजर

ग्राम केकरा में शासकीय भूमि पर कथित अवैध खुदाई और पहाड़ी कटान का मामला सामने आने के बाद अब राजस्व, खनिज और रेलवे विभाग की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्राकृतिक संसाधनों की क्षति हो सकती है। फिलहाल इस पूरे मामले में प्रशासनिक जांच और संभावित कार्रवाई पर क्षेत्रवासियों की नजरें टिकी हुई हैं। रेलवे या किसी भी निर्माण कार्य के लिए मिट्टी, मुरम या अन्य खनिज की खुदाई करने के लिए संबंधित विभागों से वैधानिक अनुमति लेना अनिवार्य होता है।

### नियमों के अनुसार

1. खनिज विभाग से अनुमतिङ्क मिट्टी या मुरम की खुदाई के लिए खनन अनुमति (परमिट/रॉयल्टी) लेना आवश्यक है।
2. राजस्व विभाग की स्वीकृतिङ्कयदि खुदाई शासकीय या राजस्व भूमि पर की जा रही है तो तहसील प्रशासन की अनुमति अनिवार्य होती है।
3. पर्यावरणीय नियमों का पालनङ्कबड़े पैमाने पर पहाड़ी या भूमि कटान की स्थिति में पर्यावरणीय अनुमति आवश्यक हो सकती है।
4. सीमित क्षेत्र में उत्खन्न ङ्कअनुमति मिलने के बाद भी तय क्षेत्र और तय मात्रा से अधिक खुदाई नहीं की जा सकती।
5. नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाईङ्कअवैध उत्खनन पाए जाने पर मशीनें जब्त करने, जुर्माना लगाने और आपराधिक प्रकरण दर्ज करने का प्रावधान है।

# विद्युत की अघोषित कटौती से उपभोक्ता परेशान



**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** ठंड की विदाई के बाद अब धीरे धीरे गर्मी ने दस्तक देना शुरू कर दिया है। दिन का तापमान भी बढ़ने लगा है।धूप तेज होने के कारण लोगों की बेचैनियां भी दिन के समय बढ़ने लगी हैं। वहीं दूसरी ओर विद्युत वितरण केंद्र डोभी द्वारा क्षेत्र में विगत एक सप्ताह से मेंटनेंस के नाम पर सुबह से देर रात्रि तक अघोषित कटौती की जा रही है। जिसके कारण क्षेत्र में अनेक समस्याएं उत्पन्न हो रही है। एक तरफ जहां शासकीय एवं प्राइवेट शैक्षणिक संस्थानों में वार्षिक परीक्षाएं भी संचालित हो रही है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र विभिन्न जिंसों की कटाई में कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहा है। किसान उपभोक्ताओं का कहना है कि मूंग की बौनी के साथ चना मसूर आदि की थ्रेशिंग करने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### उपभोक्ताओं ने किया विद्युत वितरण केन्द्र का घेराव

विगत दिवस प्रतिष्ठित ग्राम डोभी एवं आसपास के ग्रामीणों द्वारा विद्युत मंडल का घेराव किया गया। ग्रामीणों ने कनिष्ठ यंत्री से चर्चा करते हुए उन्हें अपनी समस्या से अवगत कराया गया है कि क्षेत्र में लगातार हो रही अवैध कटौती को शीघ्र ही बंद किया जाए। विभाग द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर यह घोषित कटौती जारी रहती है तो सभी ग्रामीणों के द्वारा विद्युत मंडल कार्यालय में धरना दिया जाएगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी।

### आपरेटर की मनमानी से उपभोक्ता परेशान

कनिष्ठ यंत्री ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वर्तमान समय में जहां विद्युत व्यवस्थाएं कमजोर हैं उनको दुरुस्त करने के लिए कुछ समय बिजली की कटौती की जा रही है। जिसके कारण लोगों को समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। लेकिन शीघ्र ही उचित व्यवस्था बनाई जा रही है। विद्युत वितरण केंद्र डोभी में एक ऑपरेटर की मनमानी के चलते पूरे ग्रामीण क्षेत्र में भय और अशांति का माहौल बना हुआ है। केंद्र में पदस्थ यह ऑपरेटर आउटसोर्स भर्ती के माध्यम से कार्य कर रहा है।जिसके द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में जमकर अवैध वसूली की जाती है। यदि ग्रामीणों द्वारा राशि नहीं दी जाती है तो इसके द्वारा प्रकरण बनाने की धमकी किसानों और आम उपभोक्ताओं को दी जाती है। ग्रामीणों द्वारा कनिष्ठ यंत्री को भी उक्त ऑपरेटर की शिकायत करते हुए कहा कि की क्षेत्र में हो रही अवैध वसूली को तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। यदि ऑपरेटर की काली करतूतों पर लगाम नहीं लगाई जाती है तो इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की जाएगी।



# मूंग के साथ बढ़ रहा उड़द का रकबा

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में रवि मौसम की विभिन्न जिंसों की कटाई का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। जहां जहां फसल कटती जा रही है वहां वहां पर मूंग और उड़द फसल की बुवाई का काम भी चल रहा है। इस वर्ष मूंग की अपेक्षा किसान उड़द फसल की ज्यादा तर बुबाई चल रही है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या पानी की होगी पिछले साल की अपेक्षा जनवरी में बरसात ना होने के कारण जमीनी जल स्तर में अभी से कम होता चला जा रहा है।गर्मी के मौसम में मूंग की फसल को भी पानी की अधिक आवश्यकता होगी और जमीनी जल स्तर और नीचे जायेगा। किसानों का कहना है कि बिजली है तो मूंग है।यदि पर्याप्त मात्रा में बिजली मिलेगी तो ही मूंग फसल की उपज मिल पायेगी क्योंकि इस फसल को पानी अधिक जरुरत पड़ती है और पानी भी बिजली आपूर्ति पर ही निर्भर है।

# उद्घाटन से पहले ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी नई पुलिया

**नवभारत,गोटेगांव।** बेहतर बुनियादी ढांचे और सुगम यातायात के सरकारी दावों की जमीनी हकीकत गोटेगांव से नरसिंहपुर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर साफ नजर आ रही है। विडंबना यह है कि करोड़ों की लागत से तैयार इस नवनिर्मित मार्ग का अभी विधिवत उद्घाटन तक नहीं हो सका है और डामर उखड़ने के साथ सड़क की धज्जियां उड़नी शुरू हो गई हैं। गोटेगांव से लेकर सांकल, धमना, मालह पिपरिया, नयागांव और बाली तक का पूरा सफर अब राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि झामर के पास हाल ही में निर्मित नई पुलिया एक तरफ से बुरी तरह धंस गई है।



पुलिया धंसने के कारण सड़क पर बना गहरा और जानलेवा गड्ढा रात के अंधेरे में तेज रफ्तार वाहनों के लिए किसी बड़े हादसे का सबब बन सकता है। स्थानीय ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि निर्माण कार्य में ठेकेदार और संबंधित विभाग की मिलीभगत से घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है, जिसके कारण करोड़ों की राशि स्वाहा होने के बाद भी जनसुविधा शून्य है। वर्तमान में सांकल-धमना मार्ग पर डामर कम और नुकीली गिट्टियां ज्यादा नजर आ रही हैं, वहीं मालह पिपरिया से नयागांव के बीच सड़क बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इन गड्ढों के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बाली सड़क के किनारे की मिट्टी धंसने से मार्ग भी संकरा हो गया है, जिससे भारी वाहनों के गुजरते समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि पूर्व में भी कई पुल-पुलिया घटिया निर्माण की भेंट चढ़ चुके हैं, इसके बावजूद जिम्मेदार मौन साधे हुए हैं।



# रासेयो छात्र इकाई ने हासिल की उपलब्धि

**नवभारत,नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह एवं रासेयो कार्यक्रम समन्वयक रादुविवि जबलपुर डॉ शोभाराम मेहरा के निर्देशन में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित ताम्रकार के मार्गदर्शन में दलनायक दिनेश अग्रवाल के नेतृत्व में रासेयो के विवेक साहू, ने राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर में महाविद्यालय, जिले एवं विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित कर नरसिंहपुर लौट यह शिविर, जो चित्रकूट (सतना) में दिनांक 08/03/2026 से 14/03/2026 तक आयोजित हुआ आज शिविर पूर्ण कर वे नरसिंहपुर लौटे इस अवसर पर दलनायक दिनेश अग्रवाल ने विवेक साहू एवं मनीषा राजपूत का माला पहनाकर स्वागत करते हुये बधाई दी।

## एक नजर में




### लोक अदालत में 187 प्रकरणों का निराकरण

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार में शनिवार को तहसील विधिक सेवा न समिति गोटेगांव द्वारा न्यायालय न परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायिक न अधिकारी सुश्री साक्षी शुक्ला द्वारा र माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष भरत न पटेल, सचिव अमय जैन, अधिवक्तागण तथा न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। लोक अदालत में बैंक रिकवरी, जलकर एवं संपत्ति कर, आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरण, एनआई एक्ट तथा विविध आपराधिक प्रकरण सहित कुल 190 मामलों को सुनवाई के लिए लिया गया। इनमें से 187 प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न प्रकरणों में कुल 73,39,921 रुपये की राशि जमा कराई गई तथा 374 व्यक्तियों को लाभ प्राप्त हुआ पक्षकारो को छायादार फलदार वृक्ष वितरण किए गए।

### पूर्व विधायक शेखर चौधरी के बड़े भ्राता मणिशंकर चौधरी का स्वर्गवास

**नवभारत,गोटेगांव।** विधानसभा गोटेगांव क्षेत्र के पूर्व विधायक शेखर चौधरी के बड़े भाई मणिशंकर चौधरी का 79 वर्ष की आयु में अस्वास्थ्यता के चलते स्वर्गवास हो गया। आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे आपके निधन का समाचार प्राप्त होते ही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया अंतिम संस्कार शव यात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनीतिक सामाजिक स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रतिनिधियों व नगरवासियों ने शीतला माई मुक्तिधाम में बड़ी संख्या में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थितजनों ने श्री चौधरी जी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतृप्त परिवारजनों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त कर शोकाकुल परिवारजनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की

### सूर्य उपासना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा

**नवभारत,नरसिंहपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत जिला मुख्यालय में 19 मार्च 2026 को पूर्वान्ह सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए डिप्टी कलेक्टर नरसिंहपुर ने सहायक संचालक सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजनकल्याण अंजना त्रिपाठी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। त्रिपाठी का मोबाइल नंबर 8750559888 है। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के संस्कृति विभाग के द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत जिला मुख्यालय में 19 मार्च को पूर्वान्ह सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिसके प्रचार-प्रसार के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं आयोजन स्थल की जानकारी का चयन कर सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### श्री देव राम जानकी हनुमान मंदिर में नवीनीकरण कार्यक्रम आज

**नवभारत,गाडरवारा।** नगर के हॉस्पिटल रोड स्थित प्लॉटन गंज में स्थित श्री देव रामजानकी हनुमान मंदिर में मंदिर के नवीनीकरण के उपलक्ष्य में 16 मार्च सोमवार को भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा समस्त श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों को कार्यक्रम में शामिल होने का सादर आमंत्रण दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रात: 8 बजे पूजन एवं कलश स्थापना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे से भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा, जो रात्रि 8 बजे तक चलेगा। वहीं रात्रि 8 बजे महाआरती एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्तजन भगवान श्री राम-जानकी एवं हनुमान जी के भजनों का आनंद लेंगे। आयोजन समिति ने नगर सहित आसपास के सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।



# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025 में आर्ची वर्मा को मिला प्रशिक्षित पत्र

**नवभारत,करेली।** नगर की शिक्षण संस्था कार्मेल स्कूल में बच्चों के विकास और उनकी प्रतिभा निखारने के लिए हमेशा कुछ ना कुछ प्रतियोगिता करवाई जाती हैं। हिंदी विकास संस्थान द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025 में कार्मल स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया गया था। प्रतिस्पर्धा में सफल विद्यार्थियों को हिंदी विकास संस्थान, दिल्ली ने अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025 प्रशस्ति प्रमाण-पत्र जारी किया। दिल्ली से प्रमाण पत्र जारी करने में दूसरी कक्षा की छात्रा आर्ची वर्मा ने हिंदी विकास संस्थान द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025 में भाग लिया था जिसे प्रतियोगी के रूप में अच्छे अंकों से सफलता पाने पर हिंदी विकास संस्थान की ओर से प्रशस्ति पत्र जारी किया गया है जिसे कार्मेल प्राचार्य फादर केल्विन ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आर्ची को प्रशस्ति पत्र मिलने पर उनके पिता पत्रकार अमित वर्मा ने विद्यालय के मैनेजमेंट और शिक्षकों की विद्यार्थियों के साथ मेहनत करने की ऊर्जा के कारण यह संभव हो पाने की बात कही है।

# कैंसर से रोकथाम के टीकाकरण की दी जानकारी

**नवभारत,करेली।** शासन युद्ध स्तर पर महिलाओं में सरवीकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) के रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान चला रही है। विगत दिवस 14 मार्च को स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ताओं ने कन्या शाला स्कूल में जाकर 9 से 14 साल की बच्चियों को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर बीमारी जानकारी से अवगत कराया। चिकित्सों के अनुसार कैंसर गर्भाशय के निचले हिस्से (सर्विक्स) में होने वाला कैंसर है,जो मुख्य रूप से ह्यूमन पैपिलोमावायरस एच पी वी के कारण होता है। यह महिलाओं में होने वाला चौथा सबसे आम कैंसर है, जिसे वैक्सीन (टीका) और समय पर जांच (पैप स्मीयर) से रोका जा सकता है। इसके शुरुआती लक्षण अक्सर नहीं दिखते,लेकिन बाद में अनियमित ब्लीडिंग और दर्द हो सकता है।सर्वाइकल कैंसर के मुख्य कारण और लक्षण-कारण- मुख्य रूप से एच पी वी संक्रमण, जो असुरक्षित यौन संबंध से फैलता है। या कम उम्र में यौन संबंध, कई यौन साथी, धूम्रपान, और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली। लक्षण पीरियड्स के अलावा ब्लीडिंग, रजोनिवृत्ति के बाद ब्लीडिंग,संबंध के बाद दर्द, असामान्य योनि स्राव और पेल्विक दर्द। इसका बचाव और उपचार टीकाकरण 9-14 वर्ष की लड़कियों के लिए एचवी पी वैक्सीन सबसे प्रभावी है। कन्या शाला प्रिंसिपल श्रद्धा श्रीवास्तव ने बताया है कि मैंने अपनी बच्ची का 5 साल पहले यह टीकाकरण करवाया है। यह टीकाकरण सभी माता-पिताओं को अपनी बच्ची को लिए करवाना चाहिए। आशा कार्यकर्ता वंदना सोनी ने बच्चियों को जानकारी दी कि लोगों ने अफवाह फैलाई गई है कि टीका लगवाने से लड़कियां मां नहीं बन सकती जो कि अफवाह है। यह टीकाकरण से कोई दुष्प्रभाव नहीं है टीकाकरण से आगे चलकर लड़कियां कैंसर की बीमारी से सुरक्षित रहेगी। कन्यशाला में जानकारी देते समय राजलक्ष्मी अग्रवाल, रजनी श्रीवास्तव,कृष्ण पगारे, राज कुमारी जाटव, अंबेडकर वार्ड, श्रीवास्तव,पुष्पा कहार, कृष्णा पगारे, संजीदा बानो, सबरा बानो, हिंदू मति लोधी, मिथिलेश सोनी, मनोरमा सोनी नीतू श्रीवतस्तव,सेम प्रदोष सम्मिलित रही।



# ग्राम में जगा रहे स्वच्छता की अलख,देवालयों की कर रहे साफ सफाई

## स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता जागरूकता की अलख जगाते हुए स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा



**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** इन दिनों राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई सर्वोदय विद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम टेकापार में स्वच्छता जागरूकता की अलख जगाते हुए स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। जन जागरण करते हुए स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम के राम मंदिर एवं दुर्गा मंदिर के परिसर के आसपास की सफाई की जा रही है। तथा सामुदायिक भवन के आसपास फैली अवांछित घास को नष्ट करते हुए वहां लगे हुए पौधों का संरक्षण किया जा रहा है। स्वयंसेवकों के द्वारा ग्राम में जनसंपर्क करते हुए शिक्षा स्वास्थ्य पर्यावरण बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं डिजिटल साक्षरता के बारे में लोगों को जानकारी दा रही है। वहीं दूसरी तरफ स्वयंसेवक अपने बौद्धिक विकास के लिए बौद्धिक पर चर्चा में महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखकर कुशल वक्ता के रूप में अपनी बात रख रहे हैं ।निर्धारित विषयों पर समझाइस दे रहे हैं। शिविर नायक गिरधारी लाल विश्वकर्मा उप शिविर नायक हर्षित दुबे स्वयंसेवक राजू लोधी हर्ष रघुवंशी प्रथम जैन अभिषेक लोधी नमन ऋषभ पटेल अरुण ठाकुर विकास गजेंद्र नमन पटेल अरुण ठाकुर नमन सेन आदर्श शिवांश पटेल कृष्णा कुशवाहा प्रशांत लोधी मयंक कृष एवं अर्पित पटेल स्वयंसेवक के रूप में सहभागिता कर रहे हैं।

### मंदिर मार्ग पर शराबियों का जमावड़ा

**गोटेगांव।** रेलवे स्टेशन के समीप स्थित आस्था के केंद्र सिंह वाहिनी (मानसिंह भवानी) मंदिर मार्ग पर बढ़ती शराबखोरी से श्रद्धालु परेशान हैं। रेलवे लाइन के किनारे स्थित इस मार्ग पर असामाजिक तत्वों द्वारा खुलेआम शराब पीने से मंदिर आने वाली महिलाओं और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पूर्व में शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। श्रद्धालुओं ने मंदिर मार्ग की पवित्रता बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन से नियमित पेट्रोलिंग और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।




# कन्या छात्रावास में मनाया गया महिला दिवस योग से स्वस्थ हुई 68 वर्षीय महिला का सम्मान

**नवभारत,गाडरवारा।** महिला पतंजलि योग समिति द्वारा जिला प्रभारी सुमन गुप्ता के निर्देशानुसार कन्या छात्रावास में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर योग और स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा करते हुए नियमित योग करने वाली महिलाओं को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में योग शिक्षिका अंजना साहू ने 68 वर्षीय रमा आचार्य का सम्मान किया। रमा आचार्य पिछले तीन वर्षों से डायबिटीज की समस्या से परेशान थीं तथा लगभग आठ वर्षों से घुटनों में दर्द के कारण नीचे बैठ नहीं पाती थीं। लेकिन लगातार 9 महीने तक नियमित योगाभ्यास करने से उनकी स्वास्थ्य समस्याओं में काफी सुधार हुआ। उन्होंने एक भी दिन योग से अनुपस्थित न रहते हुए अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर योगाभ्यास करने वाली महिलाओं में संध्या पटेल, मिली जैन, किरण जैन, निधि, शुभी जैन, उषा जैन, सुषमा साहू, ज्योति साहू, सुनीता साहू और छाया कुर्मी शामिल रहीं।